प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.04.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20/बजे

विधानसभा अध्यक्ष

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने तीन निर्दलीय विधायकों होशियार सिंह, केएल ठाकुर और आशीष शर्मा की सदस्यता समाप्त करने को लेकर नोटिस जारी कर 4 मई को सुनवाई को बुलाया है। राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की तरफ से दायर याचिका के आधार पर ये नोटिस जारी किए गए हैं। जगत सिंह नेगी ने मांग की है कि निर्दलीय विधायक दल–बदल कानून के दायरे में आते हैं ऐसे में जब उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है तो उनको अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए।

प्रचार भाजपा–कांग्रेस

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने चुनाव प्रचार के तीसरे दिन कल भोरंज में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया और हमीरपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन, आईटी सोशल मीडिया कार्यशाला, वरिष्ठ नागरिक विशेष सम्पर्क अभियान और व्यापारी सम्पर्क अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक व तुष्टिकरण की जबकि भाजपा समान रूप से विकास की नीति पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि अगर देश में कांग्रेस सत्ता में आएगी तो लोगों पर वसूली और विरासत टैक्स लगाएगी लेकिन भाजपा की सरकार बनने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा। दूसरी ओर वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि करीब डेढ़ वर्ष के छोटे से कार्यकाल में वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेशहित के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन कर बेटियों को बेटों के बराबर दर्जा दिया है।

अनुराग सिंह ठाकुर

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर जिला के नादौन तथा मंडी जिला के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में शिरकत करेंगे। केंद्रीय मंत्री हमीरपुर तथा भोरंज विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे।

आचार संहिता

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया है राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरान्त निर्वाचन विभाग को 813 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि कॉल सेंटर के माध्यम से प्राप्त 485 शिकायतों में से 461 का निस्तारण कर दिया गया है और 24 शिकायतें निपटारे के लिए लंबित हैं, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। राज्य और जिला स्तर पर एमसीसी नोडल अधिकारियों के माध्यम से 241 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 176 का निपटारा कर दिया गया है। 65 शिकायतें संबंधित विभागों और फील्ड अधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने के कारण लंबित हैं, जिनकी जांच की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सी–विजिल पोर्टल पर 87 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 44 शिकायतें रद्द कर दी गई हैं क्योंकि ये या तो फर्जी पाई गईं या पोर्टल की जांच के लिए हितधारकों द्वारा दायर किए गए मामले हैं।

स्कीइंग चैंपियनशिप

उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने कल कोकसर में दो दिवसीय अल्पाइन स्की और स्नोबोर्ड ओपन स्टेट चैंपियनशिप के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि शीतकालीन व साहसिक खेल गतिविधियां आयोजित कर स्थानीय युवाओं को राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में तैयार करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पर्वतारोहण संस्थान मनाली के सहयोग से प्रयासरत है। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के 45 प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से ख़बर को सुर्खी दी है–'सबको सम्मान–सबको अधिकार', मंत्र के साथ आगे बढ़ रही सरकार–कहा डेढ़ साल से जनता के लिए समर्पित भाव से किया कार्य। जबकि दैनिक सवेरा टाईम्स केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले से लिखता है–कांग्रेस वोट बैंक और तुष्टिकरण जबकि भाजपा समान विकास की करती है राजनीति।

विधानसभा अध्यक्ष का तीन निर्दलियों विधायकों को नोटिस, चार मई को बुलाया–शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है–विधायकों की सदस्यता समाप्त करने को लेकर जगत सिंह नेगी ने दायर की है याचिका, हाईकोर्ट में विधायकों के इस्तीफे से जुड़े विषय पर 30 अप्रैल को होनी है सुनवाई।

अमर उजाला की सुर्खी है– लाहौल रोहतांग में बर्फबारी, शिमला, मंडी में ओलावृष्टि से सेब व अन्य फलों को नुकसान। दैनिक जागरण की सुर्खी–भारी वर्षा और हिमपात से कटा पांगी का संपर्क। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–लाहौल में बर्फबारी, मैदानों में बारिश व ओलावृष्टि से तापमान गिरा। जबकि आपका फैसला के शब्द हैं–लाहौल–स्पीति सहित प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हिमपात।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–गोबिंदसागर में बहा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट–प्रधानमंत्री मोदी ने दो माह पहले किया था 92 करोड़ की परियोजना का शिलान्यास। प्रमोशन–रिएंप्लायमेंट को मिली मंजूरी–सचिवालय में सुपरिंटेंडेंट, सेक्शन अफसर की होगी पदोन्नती। इसी अखबार की एक अन्य खबर है।

ऊना के बंगाणा में स्कूल बस हादसे से जुड़ी ख़बर भी अख़बारों से प्रमुखता लिए हुए है–हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–चलती बस से गिरी 9 साल की छात्रा की मौत।

वीकेंड पर कसौली के 70, शिमला के 60 फीसदी होटल बुक–अमर उजाला की एक अन्य ख़बर है।

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–राष्ट्रपति की जमीन पर एच.आर.टी.सी. ने बना दी वर्कशॉप